पुलिस थाना-सिन्धोरा,कमिश्नरेट वाराणसी

उत्तर प्रदेश

सी.यू.जी. नं.-7839857013 **ई-मेल- so-sindhaura.va@up.gov.in**

प्रेस नोट

गिरफ्तारी 01 नफर अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 0032/2023 धारा 457/380/411 भादवि थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी

दिनांक 24.02.2023 को श्रीमान पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के निर्देशन व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्र में हो रही चोरी की रोकथमा तथा अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी व चोरी गये माल की बरामदगी हेतु प्रभावी कार्यवाही के क्रम में एसएचओ श्री प्रेम नारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में विवेचक उ0नि0 श्री बरदानी लाल द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही की गयी। विवरण इस प्रकार है- दिनांक 24.02.2023 को रात्रि करीब 00.30 बजे ग्राम दिनदासपुर में वादी के ट्यूबेल के कमरे की कुण्डी खोलकर उसमें रखा समरसेबल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। वादी द्वारा अपने चोरी गये समरसेबल की तलाश आस पास की जा रही कि समय 19.00 बजे वादी को सूचना मिली कि चोरो द्वारा उसका समरसेबल बेचने हेतु ले जाया जा रहा है तो वह अपने साथी के साथ उक्त स्थान पर ग्राम दिनदास प्राइमरी स्कूल के पास पंहुचा तो देखा कि दो व्यक्ति समरसेबल एक सफेद बोरी मे ला रहे थे उसने टोका तो एक व्यक्ति बोरी को छोड़कर भाग गया और दूसरा उसे पकड़े रहा। गांव के कई लोग मौके पर आ गये और पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछते हुए पकड़ कर मय बरामद समरसेबल के साथ थाने पर ले लाये। वादी के लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया एवं विवेचक उ0नि0 श्री बरदानी लाल द्वारा उक्त व्यक्ति को हिरासत पुलिस में लेते हुए एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशो का अक्षरशः पालन किया गया। बरामद माल को कब्जा पुलिस में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त का नाम व पता-

1. गिल्लिर पटेल पुत्र श्याम नरायन पटेल निवासी ग्राम छतांव थाना सिन्धोरा वाराणसी उम्र करीब 60 वर्ष।

अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग

1. मु0अ0सं0 0032/2023 धारा 457/380/411 भादवि थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी

अभियुक्त का पूर्व का अपराधिक इतिहास – शून्य

बरामदगी एवं बरामदगी का स्थल, दिनांक व समय

समरसेबल, ग्राम दिनदासपुर प्राइमरी स्कूल के पास, थाना सिन्धोरा, कमिश्नरेट वाराणसी दिनांक 24.02.2023 समय 19.00 बजे।

गिरफ्तारी टीम के सदस्य-

1. उ0नि0 श्री बरदानी लाल थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी।
2. का0 दीनानाथ यादव, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी।
3. का0 प्रदीप कुमार, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी।

(प्रेम नारायण विश्वकर्मा)
प्रभारी निरीक्षक
थाना-सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी